अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 30 दिसंबर 2022
पौष शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2079

PAGE NO : 06 MIDDLE

नाटक मंचन : चक्रव्यूह ने कराया अभिमन्यु की वीरता से परिचय

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में बृहस्पतिवार को नाटक 'चक्रव्यूह' का शानदार मंचन किया गया। महाभारत पर आधारित इस नाटक में अभिमन्यु की वीरता से परिचय कराया गया।

नाटक चक्रव्यूह महाभारत के वीर योद्धा अभिमन्यु के पिता अर्जुन और माता सुभद्रा से आरंभ होता है।

चंद्रदेव और रोहिणी के नृत्य से जहां महर्षि गर्ग मुनि आ जाते हैं, लेकिन चंद्रदेव उन पर ध्यान नहीं देते। नाराज गर्ग ऋषि उन्हें श्राप देते हैं कि पृथ्वी लोक पर तुम मनुष्य रूप में अर्जुन की पत्नी सुभद्रा के गर्भ से जन्म लोगे।

इसी ताने बाने पर नाटक आगे बढ़ता है। अंत में अभिमन्यु चक्रव्यूह में फंस कर वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होता है।

नाटक का निर्देशन गर्ग ऋषि की भूमिका निभाने वाले शैलेंद्र शर्मा ने किया। मुख्य पात्र अभिमन्यु का किरदार सान्वी ने निभाया। अर्जुन की भूमिका में मोहसिन, सुभद्रा की भूमिका में अंबाली प्रहराज और कृष्ण की भूमिका में देव ज्योति नस्कर ने प्रभावित किया।

शिवा ने चंद्रदेव और मंतशा मुराद ने रोहिणी का किरदार निभाया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।